## सेक्रेड हार्ट स्कूल में भाषण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में रेलवे विभाग के द्वारा बुधवार को देश और रेलवे में क्या-क्या अच्छा हो रहा है विषय पर भाषण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेलवे के चीफ ओएस दिगंत दत्ता और ओएस सीके निराला विशेष रूप से मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने उनका स्वागत किया। प्रतियोगिता का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। भाषण में वर्षा रानी, गौरव राज, पीयूष कुमार, इशिका सिंह, तनीषा शर्मा, वीरेंद्र कुमार, मयंक पांडेय, निशु कुमारी, राखी कुमारी, वंदना कुमारी, घटिका जैन, कौशांबी मालवा, खुशी कुमारी सिंह, एंजेल भारती और आराध्या जायसवाल समेत अन्य बच्चों ने अपने विचार रखे। बच्चों ने रेलवे की उपलब्धियों में चिनाव नदी पर बना रेलवे के बड़े पुल और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उल्लेख किया इसे देश जे विकास में महत्वर्ण बताया। बच्चों ने कहा कि रेलवे ही एक ऐसा विभाग है जो कभी-कभी घाटे में चल कर भी यात्रियों को लाभ पहुंचाता है। बच्चों ने कहा कि देश में यातायात के कई साधन हैं, किंतु रेलवे सबसे सरल, सस्ते और सुरक्षित यात्रा कराती है। रेलवे की मेट्रो सेवा एक बड़ी उपलब्धि है। देश के विकास में बच्चों ने रेलवे के योगदान को न भुलाए जाने की बात कही। वहीं रेलवे के अधिकारी द्वय ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। मौके पर आशुतोष कुमार गौतम के अलावा कई बच्चे मौजूद थे।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** बुधवार को आशनाकोनी के समीप नवादा जाने वाली मुख्य मार्ग पर अहले सुबह तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान पंकज कुमार (26 वर्ष पिता रामचंद्र पंडित, ग्राम मरूई थाना रोह जिला नवादा) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक साल भर से आशनाकोनी चीनी मिट्टी के गिलास फैक्ट्री में काम कर रहा था। दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे। मृतक का 4 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। वह अपने पीछे 4 माह की बच्ची छोड़ गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे तथा परिजन व ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बाद जाम को हटाया गया।

## रजा क्लब शाहगंज में तीजा खेल का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम कमिटी रजा क्लब शाहगंज मरकच्चो के तत्वाधान में तीजा खेल का आयोजन मंगलवार की रात्रि प्रखंड के शाहगंज मुराद शाह बाबा मजार परिसर में आयोजित किया गया। तीजा कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी मो खलील सदर तोकीर अहमद, कौशर आलम व एकरार अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साकिर अहमद ने की जबकि संचालन जावेद मस्तान व तोहिद आलम ने किया। निर्णायक की भूमिका मकबूल आलम, जावेद मुखिया, एरकान आलम ने निभाया। तीजा प्रतियोगिता में हुसैनी क्लब महूंगाय, चांदनी क्लब नागिरतो, इस्लामिया क्लब राजधनवार के जाबांज खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन कर मौजूद दर्शकों का खूब वाह वाही लूटी। तीजा प्रतियोगिता में चांदनी क्लब, नागिरतो प्रथम इस्लामिया क्लब राजधनवार, द्वितीय और हुसैनी क्लब महुगाई तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये टीमों को कमिटी के द्वारा ट्राफी व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मोके पर समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू, हबीब मस्तान, साजिद आलम, इकबाल मेंहदी, मो अफजल, इमरोज आलम, मिन्हाज अंसारी, मोजाम्मिल आलम, मुमताज अंसारी, मो कासीम, मास्टर मोद्दसीर, मो नवाजिस, करनेन आलम, माजिद आलम, फिरोज आलम, प्रवेज आलम, सोहराब आलम, मौलवी अंसार, मतीन अल्वी समेत बड़ी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

## जयनगर प्रखंड के गांव में घूम रहे हाथी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव में इन दिनों हाथियों का झुंड घूम रहा है। हाथी के घूमने से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। गांव के इर्द-गिर्द जंगलों में अपना बसेरा ले चुके हैं। बताते चलें कि जंगल से बसे गांव में इन दिनों दर्जनों के झुंड में हाथी पहुंच चुके हैं। बुधवार को सुबह सुबह ग्राम मकतपुर में हाथियों का 15 सदस्य झुंड आ गया है। ग्रामीणों की माने तो वे अभी तुलसीसिंगा पलाश के जंगल में रुके हुए हैं। इसकी सूचना स्थानीय जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव को ग्रामीणों ने दिया। उन्होंने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दिया है। प्रशासनिक अधिकारी या सुरक्षा बल समाचार लिखे जाने तक नहीं पहुंच पाये हैं। यादव ने ग्रामीणों को निर्देशित किया कि हाथियों के झुंड को नहीं छेड़ें और न ही किसी प्रकार के अगल-बगल में आवाज करें। जानवरों को आने जाने से उधर रोके। जानकारी है कि कटिया (मनीडीह) सुरेश यादव का मकान को हाथियों के झुंड ने तोड़ दिया और उसके अंदर रखे खाने-पीने के समान सभी चट कर गये।

## कोडरमा में बदलाव संकल्प महासभा आज



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस द्वारा गुरुवार को कोडरमा जिला के तिलैया प्रखंड मैदान में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन प्रात: 10 बजे से किया जा रहा है, जिसका संबोधन जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो करेंगे। कार्यक्रम में जेबीकेएसएस के छात्र नेता मनोज यादव, छात्र नेता देवेंद्र महतो, मोतीलाल महतो, संजय मेहता, रत्नेश कुमार, रविशंकर यादव, रोहित यादव, प्रेम नायक, चंदन कुमार भी उपस्थित रहेंगे। सभा में युवाओं की वर्तमान दशा एवं उन्हें सही दिशा देने का प्रयास किया जायेगा। इस बाबत बरही विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता जेबीकेएसएस के सदस्य कृष्णा यादव ने सभा में अधिक से अधिक लोगो को भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## बारिश के लिए अखंड कीर्तन का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सूखे की आशंका से परेशान किसान अच्छी बारिश के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। अब देवी-देवताओं को प्रसन्न करने में लगे हैं। इंद्रदेव को प्रसन्न करने व वातावरण की शुद्धि के लिए प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित ग्राम खटोलिया के शिव मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड पाठ व भजन कीर्तन बुधवार को शुरू किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ढोलक- मंजीरें के साथ लगातार हरे राम, हरे कृष्ण की आवाज का रट लगाते हुए वेदी की परिक्रमा करते दिखे तथा विश्व में शांति तथा अमन चैन के लिए ईश्वर से कामना की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार कि सुबह 8:30 बजे से लगातार दूसरे दिन गुरुवार 8:30 बजे तक पाठ व भजन- कीर्तन का सिलसिला चलता रहेगा। ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार पाठ भजन- कीर्तन से महौल 24 घंटे तक भक्तिमय बना रहेगा। मौके पर रामेश्वर राणा, केदार यादव, सुरेंद्र राणा, हीरालाल यादव, कपिलदेव राणा, महेश यादव, पंसस धानेश्वर यादव, टुकलाल यादव, केदार सिंह, पवन राणा, झारखंडी वर्मा, पवन वर्मा, रंजीत राणा, बिनोद राणा, मुखलाल वर्मा, तुलसी यादव, सुरेश यादव, बिल्टू यादव, बीजू यादव, मुंशी महतो, अशोक वर्मा, पंकज राणा, सुनील वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, महादेव यादव, आशीष यादव, पंकज यादव, प्रकाश यादव, किशोर वर्मा, उपेंद्र राणा, दीपक राणा, राजेंद्र राणा, देवनारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत गांव के दर्जनों लोग शामिल थे।

# देश को बांट कर राज करना चाहती है भाजपा: अतुल कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड के 7 किसान संगठनों का संयुक्त राज्य सम्मेलन हजारीबाग के स्थानीय आकाशदीप होटल में किया गया। सम्मेलन के लिए चार अध्यक्ष मंडल का चुनाव किया गया। हीरा गोप, सुफल महतो, गणेश महतो और राजेंद्र गोप ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता किया। संयुक्त सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के अखिल भारतीय महासचिव अतुल कुमार अंजान ने कहा कि पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की मांगों को लेकर जबरदस्त आंदोलन चल रही है। इस आंदोलन को भटकाने के लिए मोदी सरकार देश में धार्मिक बंटवारा करके इन मुद्दों को कुचलना चाहती है। इसके बाद महेंद्र पाठक ने सम्मेलन का विषय प्रवेश करवाते हुए कहा कि यह सम्मेलन झारखंड के किसानों का दशा और दिशा तय करेगी। बिहार से आयें भाकपा माले विधायक दल के उप नेता सुदामा प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार देश की संपूर्ण खेती को अपने पूंजीपति मित्रों को सौंपना चाहती है। क्योंकि अनाज एक ऐसी चीज है जिसकी आवश्यकता प्रतिदिन होती है और यह प्रतिदिन बेची और खरीदी जाती है। केरल से आए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा किसान इस देश की रीड है और वर्तमान में कारपोरेट और भ्रष्ट सरकार को झुकाने की छमता किसानों में है। पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि किसानों का आंदोलन पूरे देश को एक नई दिशा दी है और उनके आंदोलन देश के आम आवाम में एक उम्मीद जागी है। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा है कि झारखंड ही नहीं पूरे देश में जल, जंगल, जमीन की लूट बड़े पैमाने से चल रही है। गैरमजरूआ जमीन जिस पर गरीब किसान लोग पुश्तों से जोता बाद करते आ रहे हैं उस पर उनका अधिकार सरकार छीन रही है। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि देश में जमीन की लूट बड़े पैमाने पर हो रही है, इसके खिलाफ एक संयुक्त आंदोलन झारखंड में खड़ा करना होगा। पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि कि पूरे देश में किसान मजदूर का आंदोलन सही रूप में कोई कर रहा है तो कम्युनिस्ट पार्टी के लोग और समाजवादी विचारधारा के लोग कर रहे हैं। इनके अलावा समता सैनिक दल के चंदन कुमार, किसान नेता विमल दास, केडी सिंह, सुरजीत सिन्हा ने अपनी बात को रखा। अनिरुद्ध कुमार ने जमीन बचाने के लिए और हजारीबाग बंद करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद पूरे झारखंड में आंदोलन को सही ढंग से संचालित करने के लिए एक कमेटी बनायी गयी। सम्मेलन को सफल करने में चांद खान, निजाम अंसारी, महेंद्र राम, स्वदेशी पासवान, अनवर हुसैन, अब्दुल मजीद, गणेश कुमार सीटू, तपेश्वर राम, विपिन कुमार सिन्हा, ईश्वर महतो, सुधीर यादव, शिव सिंह सहित कई लोगों ने साथ दिया।

# प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों पर सरकारी राशि के गबन का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चौपारण।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिखित शिकायत पर चौपारण थाना कांड संख्या322/23 में प्रखंड के ऐसे लाभुकों पर मामला दर्ज कर लिया गया है जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास लिए और निश्चित अवधि पर आवास निर्माण कार्य नहीं किये। प्रखंड कार्यालय के ओर से कई बार इन्हे नोटिस किया गया वहीं संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड कोऑडिनेटर, वीडियो द्वारा प्रत्येक लाभुकों के घर जाकर लाभुकों निश्चित अवधि के भीतर आवास निर्माण कार्य को पूरा करने का सलाह दिया। आवास निर्माण के लिए कुल राशि 130000 जिसमे किश्त की पहली राशि 40000 व अंतिम राशि की भुगतान 22000 मरेगा से मजदूरी के रूप में दी जानी है। चालीस हजार की राशि लाभुकों के खाते में डाल दिया गया जिसकी निकासी भी कर ली गयी, कई लोगों ने गृह निर्माण कार्य प्रारंभ भी नहीं किया वहीं नियमानुसार उक्त राशि में लिंटर निर्माण कार्य तक पूर्ण करना था। जो लाभुकों के द्वारा प्रखंड कार्यालय के संपूर्ण प्रयाशों के बाद भी पूर्ण नहीं किया गया। इसके पूर्व में भी 2018 में वीडियो अमित कुमार के द्वारा लाभुकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था जिसके फलस्वरूप आवास निर्माण कार्य की गति में तेजी लायी गयी थी। लगातार प्रयासों के बावजूद प्रखंड के कुल 20 लोगों के विरुद्ध सरकारी मद के गबन की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। जिसमे गंगा आहर बुटु भुइयां, कोयलिकल्ला महेश भुइयां, मानगर सतेंद्र प्रजापति, पोडो सुरेंद्र सिंह, केबला आमिर खान, हथिया सुरेश भुइयां, बुढियाडाबर सरोज मियां, नवागढ़ जितनी देवी, चयकल्ला सफकताज, चय कल्ला शंकर ठाकुर, पथलगड़ा उपेंद्र यादव, नरेना हलधर भुइयां, परसातरी मो नइमुद्दीन, घरसरी मिट्ठू भुइयां, लोहरा हुलसी देवी, जोकट सुखदेव ठाकुर, करमा मुशन ठाकुर, कठअंबा अशोक भुइयां, पाकर टाड नकुल राणा, जागोडीह भोला भुइयां कुल 20 लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## काम के दौरान एक मजदूर की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी रोड में संचालित तुलस्यान लोहा फैक्ट्री में बीती रात एक मजदूर की कंरट लगने से मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अजीत सरदार पश्चिम बंगाल निवासी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि फैक्ट्री में हादसे के बाद लोग अजीत सरदार को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। लोगों ने बताया कि अजीत सरदार फैक्ट्री में बिजली मिस्त्री का काम कर रहा था। इस दौरान करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल एक निजी क्लीनिक पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। इस दौरान उनकी मौत हो गई। इधर इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हरियाणा में हिंदुओं पर हुए हमले के खिलाफ बजरंग दल ने किया जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हजारीबाग।** हरियाणा के नूह जिले में बीते सोमवार को हिंदुओं के द्वारा निकाली गई परंपरागत ब्रज मंडल शोभा यात्रा पर जिहादी मानसिकता के आतंकवादियों के द्वारा की गई कायरतापूर्ण हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हजारीबाग ने किया पुतला दहन। बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकताओं ने जिला संयोजक प्रशांत सिंह के नेतृत्व में बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी से निकलकर के झंडा चौक पहुंचकर पुतला दहन किया। नूह की घटना को कायरता पूर्वक घटना बताते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री ने बताया की हिंदू जाति विश्व के कल्याण चाहने वाली है, परंतु अब पानी सर से ऊपर जा रहा है। जो समाज विश्व का कल्याण चाहती हो लगातार उस समाज पर रोज-रोज सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं। यह भविष्य के लिए उचित नहीं है। बजरंग दल के नेतृत्व कर रहे जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कहा हिंदू समाज अपने पर्व त्योहार हर्ष उल्लास के साथ मनाते रहे। बजरंग दल अपने हिंदू समाज के साथ है। बजरंग दल हर तरह की देश विरोधी, धर्म विरोधी, चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। विहिप जिला मंत्री अरविंद मेहता, बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, धर्म प्रसार प्रमुख मुकेश मालाकार, जिला सत्संग प्रमुख सहदेव गुप्ता, जिला सहसंयोजक जय सोनी, जिला मिलन प्रमुख सुमंत पांडे, जिला विद्यार्थी प्रमुख कुंदन मेहता,सदर अध्यक्ष अनुज राणा, सदर विद्यार्थी प्रमुख निशी राज मेहता, नगर सह मंत्री निक्की कुमार, आशीष कुमार, सदर सहसंयोजक सोनू कुमार, मुकेश यादव, सदर सुरक्षा प्रमुख हरीश गुप्ता, सदर अखाड़ा प्रमुख गोविंद यादव मुकेश मेहता, शशि पांडे, आशीष तिवारी, आलोक कुमार, मिथिलेश यादव सुरेंद्र राणा, सागर राणा, सूरज प्रसाद, लकी यादव, दीपक शर्मा, विष्णु नायक, रॉकी यादव, दिलीप यादव, नगर संयोजक अभिजीत कुमार, संतोष हिंदू वंशी, इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस ने चोरी की चार बाइक के साथ तीन को दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के कॉलेज मोड़ से एक होंडा साइन मोटरसाइकिल चोरी गत मंगलवार को हुई थी। पीड़ित ने लिखित आवेदन कोर्रा थाना को दिया, जिस पर कोर्रा थाना में कांड संख्या 219/23 दर्ज कर चोरों के धर पकड़ के लिए थाना प्रभारी कोर्रा उत्तम तिवारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान हरनगंज से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया, जिसके पास से चोरी गयी मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। कड़ाइ से पूछताछ करने पर उक्त दोनो व्यक्तियों के द्वारा अपने गिरोह के अन्य सदस्यों का खुलासा किया। उनके पास से चोरी की तीन अन्य मोटरसाईकिल और छिनतई की तीन मोबाइल को बरामद किया गया। कोर्रा थाना कांड संख्या 220/23 दर्ज कर कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इनलोगो के द्वारा चोरी की गयी मोटरसाईकिल का नंबर प्लेट बदलकर मोबाइल, पर्श आदि की छिनतई की घटना को अंजाम दिया करते थें। ये सभी ब्राउन शुगर, कोरेक्स आदि जैसे नशे का सेवन करते है तथा दुसरे शहर से आकर हजारीबाग में लॉज मे रहकर पढाई करते थें।

**बरामदगी:-** होंडा साईन एसपी मोटरसाइकिल, हिरो स्पैलंडर प्रो मोटरसाइकिल, हिरो सुपर स्पैलन्डर मोटरसाइकिल, होण्डा 160 आर मोटरसाइकिल, 3 एण्ड्रायॉड मोबाइल और दो फर्जी मोटरसाइकिल की चाभिया।

गिरफ्तार अभियुक्त गणेश कुमार सिंह, परसिया, थाना सरिया, जिला गिरिडीह, संदीप कुमार मंडल, कपका, थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग, सुधांशु कुमार, सा- भिंडरा, थाना नावाडीह, जिला बोकारो। तीनो वर्तमान में नुतन नगर थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग में रहते थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड गेट के सामने एनएच-33 पर हजारीबाग से बरही की ओर से आने के क्रम में एक बाइक सवार ने आगे आगे चल रही एक अज्ञात ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर हो गई। आसपास के ग्रामीणों के द्वारा बाइक सवार युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान लोवाडीह थाना अंतर्गत नामकुम जिला रांची निवासी अमोल बीरबल कुजुर का 30 वर्षीय पुत्र विवेक कुजूर के तौर पर हुई है। बताया जाता है कि विवेक कुजुर चंदवारा प्रखंड के उरवां मोड़ स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, विजैया शाखा में कैशियर के पद पर कार्यरत थे। यह सड़क दुर्घटना बुधवार सुबह करीब 10.15 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर बरही थाने के पुलिस अस्पताल पहूंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी हास्पिटल हजारीबाग भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बच्चों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**दारू (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती उच्च विद्यालय और राजकीय मध्य विद्यालय आदर्श दारु बालक स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए क यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ समिति हजारीबाग द्वारा किशोर किशोरियों के बीच किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ समिति हजारीबाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर की अध्यक्षता में जिला काउंसलर तनु मौर्या, बीटीटी सविता देवी, प्लान इंडिया की पूजा कुमारी, प्रखंड की सहिया दीदी की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे बच्चियों को यौन और प्रजनन, मानसिक स्वास्थ्य, लिंगआधारित हिंसा, असंचारी रोग, पोषण, नशाखोरी, और शिक्षा संबंधी परामर्श दिया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इस बारे में तनु मौर्या ने बताया कि एक ग्राम में यह कार्यक्रम तीन माह के अंतराल पर तीन बार आयोजित किया जाना है आगे भी इस स्तर का कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून को समर्थन देनेवाले विधायकों के प्रति जेजेए ने जताया अभार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन हजारीबाग इकाई ने पत्रकार सुरक्षा कानून का समर्थन देने वाले विधायकों के प्रति आभार जताया है। एसोसिएशन के हजारीबाग जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा के समक्ष आयोजित धरना में समर्थन देने के लिए पहुंचे पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विधानसभा सचेतक बिरंचि नारायण, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, विधायक अनंत ओझा के प्रति आभार जताया है। साथ ही मंगलवार को विधानसभा में पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग करने वाले बगोदर विधायक विनोद सिंह के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। सोमवार को विधानसभा के समक्ष धरना देने झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन हजारीबाग इकाई की ओर से उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी, जिला सचिव अजय मिश्रा, दीपक सिंह, अभय सिन्हा, पिंटू कुशवाहा, सुमंत शाहा सहित जिले भर के दर्जनों पत्रकार शामिल हुये थे। एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सभी विधायकों के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही मुख्यमंत्री से पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार ने झारखंड में रांची के विकास मुंडा और सरिया के दलित महिला के साथ हुई घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं झारखंड में आदिवासियों और मूल वासियों की सरकार है लेकिन झारखंड में आदिवासियों और दलितों की खुलेआम हत्या हो रही है उसके बावजूद भी मुख्यमंत्री चुपचाप बैठे हैं। रेप जैसी घटनायें सरकार की निकम्मी और विफलता का साफ उजागर होता है। आदिवासियों का एक चेहरा विकाश मुंडा जो समाज में सदा आदिवासियों के हित को लेकर सड़क में प्रदर्शन करते थे आदिवासियों का आवाज बनते थे जिसका अपराधियों ने खुलेआम घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी सरकार का कोई अधिकारी या सरकार का कोई मंत्री उनके घर संतावना देने तक नहीं पहुंचा, इतना ही नहीं सरिया प्रखंड के सरिया नगर पंचायत अंतर्गत कोवड़िया टोला में एक दलित महिला को नग्न कर पेड़ में बांधकर जमकर पिटा गया। क्षेत्र में लगातार हत्यायें बलात्कार जैसी घटनाएं घट रही है और सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठी है ऐसे निकम्मी सरकार जो हमेशा आदिवासियों और मूल वासियों की सरकार कहती है लोकतंत्र में सबसे बड़ा अदालत जनता की अदालत होता है और आने वाले 2024 के चुनाव में जनता अपने अदालत में इन्हें फैसला जरूर सुनायेग इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री को जनता के समक्ष अपना इस्तीफा सौंप देना चाहिए।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर छात्रों का प्रदर्शन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** छात्र प्रतिनिधि जीवन कुमार यादव और अभिषेक राज के नेतृत्व में 3 सूत्री मांगों को लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व में ही मांग पत्र के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया जल्द शुरू करने एलएलबी, बीए एलएलबी तथा एल.एल.एम की नामांकन प्रक्रिया को प्रारंभ करने व विश्वविद्यालय परिसर में मास कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र विभाग तथा क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग की गयी थी। त्वरित कार्यवाही ना होते देख कुलसचिव कक्ष के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों से जुड़े मुद्दे पर स्वयं कदम उठाने चाहिए। परंतु छात्र विवश होकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपनी मांगों को पूरा कराने को विवश होते हैं। जीवन कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर छात्रों के केंद्र बिंदु है। छात्र अपनी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठाते रहते हैं यूनिवर्सिटी प्रशासन को अविलंब मांगों पर कार्यवाही करनी चाहिए। प्रदर्शन में बंटी मेहता, हर्ष सिंह, सौरभ कुमार, कुणाल गुप्ता, गुलाम, फैजान, आनंद कुशवाहा, दीपक मेहता, अमन कुमार, पवन, सागर, अमरदीप, लव कुश पांडे, अंकित भगत, सुजीत मेहता, हरेंद्र यादव, सोनू , अंजय मेहता, आदि छात्र मौजूद थे।

## बड़कागांव से युवाओं का जत्था देवघर गया

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध मंदिर देवघर में बाबा बैजनाथ का पूजा अर्चना को लेकर बड़कागांव से युवाओं का एक जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। रवाना होने से पहले सभी युवाओं ने काली मंदिर में पूजा अर्चना कर बड़ों से आशीर्वाद लिया। सभी युवाओं ने बाबा भोले की जय जय कार करते हुए कहा कि सावन महीना में देवघर जा कर पूजा अर्चना कर अपने क्षेत्र के लिए उन्नति का आशीर्वाद मांगेंगे। मौके पर आजसू युवा नेता राज मेहता, विक्की शर्मा, पवन ठाकुर, अविनाश राणा, नंदलाल ठाकुर, विशाल सिन्हा, जैकी शर्मा, राहुल कुमार, रंजीत यादव, नीतीश यादव, रविरंजन साव, अरविंद कुमार, चिंटू कुमार शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 03 अगस्त 2023
www.azadsipahi.in
05

## रामगढ़ थाना क्षेत्र के जारा टोला में हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

# युवक की चाकू गोद कर हत्या, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** एक मुस्लिम युवक ने हिंदू युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। यह मामला शहर के जारा टोला की है। इस मामले पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर ली है। मृतक पवन कुमार यादव शहर के विकास नगर मोहल्ले का निवासी था। जिस युवक पर उसकी हत्या का आरोप लगा है उसका पड़ोसी ही था। पवन यादव ने मरने से पहले चाकू मारने वाले युवक का नाम हमाद उर्फ मोटा बताया था। जिस वक्त उसके साथ यह वारदात हुई थी, उस वक्त हमाद के साथ एक और व्यक्ति मौजूद था।





**गांजा पीने पवन के साथ गया था हमास**

पुलिस के अनुसार हमाद के साथ पवन गांजा पीने के लिए जारा टोला के जंगली क्षेत्र में गया हुआ था। मंगलवार की रात बीच रास्ते पर कुछ लोगों ने घायल पवन को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों ने ही पवन को उठाकर के जीटी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही पवन ने दम तोड़ा।

**रामगढ़ पुलिस ने वारदात के 24 घंटे के अंदर अपराधियों को किया गिरफ्तार**

पवन कुमार यादव की हत्या मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार की शाम रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने इस मामले में बताया कि पवन की हत्या में मो हमास, सोनू यादव और आजाद सूर्या नामक युवक शामिल थे। वे सभी विकास नगर मोहल्ले में ही रहते हैं। पवन पर मोहम्मद हमास ने ही चाकू चलाया था। मो हमास को बाजार टांड़ में सोनू यादव के खटाल में ही गिरफ्तार किया गया। वह वहीं पर छुपकर रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

**पवन की हत्या में मुख्य आरोपी है हमास**

अपराधियों के साथ उस मोटरसाइकिल जेएच 02 एएन 7631 को भी जब्त किया गया है।

### पवन यादव के हत्यारों को हो फांसी की सजा: सुनीता चौधरी



रामगढ़। विधायक सुनीता चौधरी ने शहर में बिगड़ती विधि व्यवस्था पर चिंता जाहिर की है। रामगढ़ में लगातार बढ़ते अपराध की घटना की कड़ी निंदा की है। पूरे प्रकरण के लिए झारखंड सरकार और जिला प्रशासन को दोषी ठहराया है। उन्होंने पवन यादव की निर्मम हत्या पर दुख व्यक्त की है। कहा कि जिला प्रशासन इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़े और कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें । ताकि भविष्य में ऐसी घटना रामगढ़ विधानसभा में फिर ना हो सके। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र एक शांति और अमन चैन का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि आए दिन रामगढ़ में हत्या की घटना लगातार देखने को मिल रही है। कभी व्यापारियों को सरेआम गोली मार दी जाती है तो कहीं दिन में ही भीषण डकैती की घटना को अंजाम अपराधियों के द्वारा दिया जा रहा है। वही एक ओर झारखंड सरकार तमाशबीन बन केवल पोस्टर बाजी और जुमलेबाजी में व्यस्त है। पवन यादव की निर्मम हत्या की घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द से जल्द जिला प्रशासन पकड़े नहीं तो बाध्य होकर जनहित में सड़क से सदन तक उग्र आंदोलन करूंगी।

### बोंगाबार में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बोंगावार में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के जल जाने व होने वाली परेशानियों को लेकर शिकायत विभाग को किया था। जहां विभाग के अधिकारियों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया। नये ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मौके पर मनोज महतो, हेमनी देवी, जयकिशोर महतो, राजू प्रजापति, रवि साहू, राजेश राम, कुलेश्वर प्रजापति, सचिन प्रजापति, देवंति देवी, शंकर महतो, महेंद्र महतो, जीवन कुमार शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त कुल 12 शिक्षकों को दी विदाई



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हॉल में बुधवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त हुए पतरातू एक के कुल 12 शिक्षक शिक्षकों को विदाई दी गयी। समारोह में शामिल सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं में सुशीला कुमारी, नीता कुमारी, शालू कुमारी, रूपम कुमारी, दयानंद पांडे, रामजन्म शर्मा तारकेश्वर मुर्मू, जयनंदन सिंह, मोहम्मद तय्यब, राम बल्लभ विश्वकर्मा, पुष्पा सिंह, रेनू राय को संघ के द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को उपहार और माला पहना कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पांडे और संचालन अजपता व सुनील राम के द्वारा किया गया। विदाई समारोह में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पांडे ने कहा कि इन शिक्षक शिक्षिकाओं का कार्यकाल अच्छा रहा जिन्होंने बच्चों से प्यार व स्नेह रखते हुये शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूक रहें। इस मौके पर संघ के शरदेंदु कुमार सिंह सुजीत सिंह, सुजीत मंडल, राम लखन साहू, दीपेंद्र कुमार, सरस्वती कुमारी, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, माधुरी कुमारी, किशोर कुमार महतो, आशा कुमारी, सुभावती कुमारी, प्रियंका कुमारी, धनंजय सिंह, संजय सिंह, सत्येंद्र कुमार, डमरू महतो आदि शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग टेलियातु मोड़ में कार व स्कूटी की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना निवासी साहिल कुमार व रौनक कुमार स्कूटी संख्या जेएच 24सी 5444 से रामगढ़ की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही ऑल्टो कार संख्या जेएच02एइ 4955 से सीधी टक्कर हो गई।टक्कर में साहिल व रौनक को गंभीर चोटें आयी है। स्थानीय पत्रकारों व स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। रामगढ़ के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद साहिल को बेहतर इलाज के लिए मेदांता रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी विदाई

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज के नावाडीह पनारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में सेवा निवृथ शिक्षक उदय कुमार सिंह की विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पत्र मौजूद थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह तथा संचालन मो.सगीर अंसारी ने किया। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पनारी नावाडीह के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गयी। विद्यालय की बच्चियों के द्वारा विदाई से संबंधित गीत, संगीत प्रस्तुत किये गए। वही प्रखंड से आए शिक्षकों के द्वारा विदाई की बेला में नम आंखों से उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि कानन पात्रा, शैलेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद सगीर अंसारी के अलावे अजय सिंह, जय हिंद पासवान, बेचन पासवान, अनिरुद्ध प्रसाद सिंह, मदन चौधरी, कृष्णा पासवान के अलावे दर्जनों शिक्षक जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों ने संबोधित किया। मौके पर विद्यालय के बच्चों अभिभावकों और शुभचिंतकों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । 23 साल नौकरी के वाद सेवानिवृत्ति होने पर प्रभार लेने वाले शिक्षक मोहम्मद शहजाद ने रामायण देकर उन्हें शेष जीवन सुख मय बिताने के लिए निवेदन किया।

## जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के गठन और मार्गदर्शन को लेकर बैठक

# जोरी ब्रूड लाह फार्म की खेती के उत्पादन को बढ़ावा दें: डीसी

- प्राप्त लक्ष्य के अनुसार अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाएं
- प्रत्येक तीन माह पर कार्य प्रगति की होगी समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस - जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के गठन और मार्गदर्शन हेतु बैठक की गयी। बैठक में जोरी ब्रूड लाह फार्म को पुनः प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा ब्रूड फार्म की खेती के उत्पादन को बढ़ावा दें और अधिक से अधिक किसान को लाह की खेती के लिए जोड़ा जाये। आगे उन्होंने कहा प्रत्येक तीन माह पर एक बार लाह की खेती के प्रगति की समीक्षा की जायेगी। महिला कृषकों को क्षमता निर्माण और कौशल विकास हेतु प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा वित्तीय वर्ष 23-24 में राज्य कार्यालय द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुसार अधिक से अधिक किसानो को जोड़ा जायें ताकि लाह का उत्पादन लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत पूर्ण हो सके। जेएसएलपीएस को जोरी लाह फार्म में वन विभाग से आपसी समन्वय स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जेएसएलपीएस डीपीएम अनिल डुगडुग, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### पतरातू में गुरु गोष्ठी का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हॉल में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरु गोष्ठी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पांडे ने पतरातू एक के शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु अधिक से अधिक छात्रों का फार्म अपने विद्यालय से भरवाने का जाने का निर्देश दिया है। इसलिए कम से कम प्रत्येक विद्यालय से 10 फार्म भरवाना अनिवार्य किया जाये। गुरु गोष्ठी में इसके अलावा कई विषयों पर भी चर्चा की गयी। इस मौके पर पतरातू एक के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

# अधिवक्ताओं ने दी लोक अभियोजक को विदाई

- जितना स्नेह और प्यार नौकरी के 8 वर्षों मिला, उतना 33 साल में भी नहीं मिला: आरबी राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने लोक अभियोजक विनय कुमार राय को सेवानिवृत्त होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें उनको शॉल, गुलदस्ता, सूटकेस देकर विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि विनय कुमार राय व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के स्थापना काल से ही लोक अभियोजक के रूप में सरकार के पक्षों का बखूबी निर्वाह करते हुए निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया में पूरा सहयोग दिए हैं। जिनके लिए राय को हमेशा याद किया जायेगा। उनके व्यवहार कुशलता से अधिवक्ता भी हमेशा अभिभूत रहे हैं।

**आठ वर्षों के अनुभवों को किया साझा**

इस अवसर पर सेवानिवृत्त विनय कुमार राय ने अधिवक्ताओं के साथ बिताए अपने आठ वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जितना प्यार उनको जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ से पिछले आठ वर्षों में प्राप्त हुआ है अपने नौकरी के 33 वर्षों में भी इतना प्यार उन्हें कभी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वे रामगढ़ को कभी भी नहीं भूल सकते। इस अवसर पर प्रभारी लोक अभियोजक आलोक कुमार, सहायक लोक अभियोजक मंजू कश्यप, उपस्थित थे। मंच संचालन सुबोध पांडे ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन संघ के महासचिव सीताराम के द्वारा किया गया।

**कौन कौन थे उपस्थित**

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता झलक देव महतो, हरख नाथ महतो, ऋषि महतो, शंभू प्रसाद, महेंद्र महतो, धीरेश कुमार, दीपक रंजन, मोइन अहमद, नौशाद अहमद, मोहम्मद शिवली, डी एन सिंह, सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अंबाष्ठा, सहायक सरकारी अधिवक्ता चंद्रिका सिंह, राजकुमार गुप्ता, पंकज जमुहार, रोशन लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### माकपा रांची जिला कमेटी की संकल्प सह श्रद्धांजलि सभा आज



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** माकपा रांची जिला कमेटी ने गुरुवार को दलादली चौक में शहीद स्व. सुभाष मुंडा की स्मृति में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया है। जिसमें सीपीएम के पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात और सीपीएम झारखंड राज्य सचिव प्रकाश विप्लव सहित राज्य कमिटी सदस्यों, किसान सभा, सीटू, एडवा, डीवाइएफआइ, एसएफआइ, आंगनबाड़ी कर्मी सहित जिला से भारी संख्या में आम लोगो हिस्सा लेंगे। श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा में रामगढ़ जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल और जिला कमिटी सदस्य बलभद्र दास सहित अन्य सदस्य पहुंचेगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने बताया की कार्यक्रम में शहीद नेता को श्रद्धांजलि देकर उनके द्वारा छोड़े गये अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प लिया जायेगा। साथ ही झारखंड राज्य सरकार से अविलम्ब हत्यारों को पकड़ कर सजा देने की मांग की जायेगी।

### मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव महोदया के निर्देशानुसार प्रखंड के ग्राम नवाडीह पनारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को मन का मिलन पखवाड़ा सह कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयु यादव और कुमार विवेक रंजन के द्वारा संयुक्त किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को नालसा स्कीम, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए निबंधन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, घरेलू हिंसा, डायन बिसाही से संबंधित जानकारी दी गयी। इसके अलावा न्यायालय में लंबित छोटे सुलहनिय वादों को निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

### सीआरएस में कर्मचारियों के टेबल स्थानांतरण से मची खलबली




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में लंबे समय से एक ही जगह कार्यरत कर्मचारियों के तबादले से सीसीएल कर्मचारियों में खलबली मची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में पिछले कई वर्षों से एक ही टेबल पर पदस्थापित कर्मचारियों के तबादले का कार्यालय आदेश जारी किया गया है, जिसके कारण कर्मचारियों में पद खोने व टेबल से अवैध कमाई बंद होने का गम सता रहा है। सूत्रों की माने तो कई कर्मचारी तबादले को रुकवाने के लिए हरेक प्रकार के हतकंडे अपना रहे हैं। कई कर्मचारी अपने टेबल ट्रांसफर को रुकवाने के लिए हेड क्वार्टर से लेकर नेताओं का चक्कर लगा रहे हैं। कर्मचारियों के द्वारा लगाये गए जुगाड़ से कितनी सफलता मिल पाती है कर्मचारियों को यह देखना दिलचस्प होगा। कार्यालय आदेश का कितना पालन हो पाता है या प्रबंधक किसी के दबाव में आकर तबादले पर विराम लगाता है यह तो आने वाले समय में देखा जायेगा लेकिन वर्तमान समय मे कर्मचारियों के बीच चर्चा का बाजार गर्म है।

# पावन क्रूस विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** पटेलनगर भुरकुंडा स्तिथ पावन क्रूस विद्यालय में बुधवार को अंतर सदनीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छह से दसवीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सुमंती ने कहा की विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हम समय समय पर होते रहेगा।

ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में बच्चों का सर्वांगीण विकास विद्यालय का उद्देश्य है। हर क्षेत्र में बच्चों कव्वाल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पांच राउंड में संपन्न हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रश्नों का चयन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुधीर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का संचालन रजनी सिन्हा, आशा मिंज और सुधीर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में स्कोरर की भूमिका मनीष लकड़ा ने निभाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रजनी डुंगडुंग, मो. कमरुद्दीन, खुशबू, दीपा, सुधीर प्रसाद, निर्मला, संगीता, कंचन, आशा, संगीता, अनिमा, आनंद आदि का विशेष योगदान रहा।

### प्रधानमंत्री आवास से वंचित लोगों की स्थिति बदतर

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास से वंचित लोगों की स्थिति बद से बदतर स्थिति से गुजर रही है। ग्रामीण गर्मी के मौसम में फूस का छत बना कर गुजर कर लेते हैं। परंतु जैसे ही बारिश का मौसम आता है, इन लोगों के पास रहने की समस्या विकट रूप ले लेती है। गरीबी की मार झेल रही पंडरी की सुनीता देवी और कमला देवी बताती है कि कई वर्षों से जैसे तैसे रहकर गुजर बसर कर रही हुं। प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम है परंतु हम लोगों को पैसा उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसके कारण आवास नहीं बना पाया है। गर्मी के मौसम में लहर, बारिश की कहर और ठंडा के मौसम में शीतलहर का अनुभव देख लिया हूं। मेरे घर चोरी का भय नही है। परंतु प्रतिष्ठा दांव पर है। मेरे घर में ना तो दीवार है और न दरवाजा है। खुटा खंभा पर तंबू लगाकर रह रहे है। पंचायत समिति प्रतिनिधि और हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयू यादव ने हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं मुखिया से आवास उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, रांची के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., ई-एनआईटी सं. और कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) एसटी-आरएनसी-टी04-ब्रिज-55-ओआरजीए, दिनांक 01.08.2023,** हटिया-ओरगा शाखा में ब्रिजों के बैरल लंबाई के विस्तार कार्य के सिलसिले में एस एंड टी कार्य का निष्पादन और सहायक कार्य (55 अदद)। **विज्ञापित लागत:** रु.1,34,61,002.81, **बयाना राशि:** रु. 2,17,300/-, **(2) एसटी-आरएनसी-टी05-ब्रिजेस-50-आरएनसी, दिनांक 01.08.2023,** लोहरदगा-टोरी में माइनर ब्रिज नं. 173, 177 और 187 तथा मुरी-रांची शाखा में फ्लैट टॉप माइनर ब्रिज (47 अदद) के बैरल लंबाई के विस्तार के सिलसिले में एस एंड टी कार्य का निष्पादन और अन्य सहायक कार्य। **विज्ञापित लागत:** रु.1,58,60,378.46, **बयाना राशि:** रु. 2,29,300/-, **निविदा कागजात की लागत:** रु.0 प्रत्येक हेतु। **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.08.2023, 11.00 बजे प्रत्येक हेतु। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 16.08.2023 प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)।
(PR-466)

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने बैठक किया। बैठक में डीसी ने स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधायें परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

चंदन कुमार ने परेड और बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जायेगा। इसके लिए उपायुक्त ने पूर्व अभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया।

**मधशालाओं और बधशालाओं की दुकाने रहेगी बंद**

बैठक डीसी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मधशालाओं और बधशालाओं को 14 अगस्त के रात्रि 12:00 से 15 अगस्त की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद और कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह के वेबकास्टिंग के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रहेगा रोक**

स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 8:00 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक वर्जित रहेगा। इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में स्थित महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा कि साफ-सफाई व उन पर माल्यार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिले के विकास में बेहतरीन कार्य करने वाले लोगों, संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मियों आदि को सम्मानित करने को लेकर अधिकारियों से चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।

**झंडोत्तोलन का समय निर्धारित**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त के गोपनीय शाखा में प्रातः 8:15, सिदो कान्हू स्टेडियम में राजकीय समारोह प्रातः 9:05 , उपायुक्त कार्यालय ब्लॉक ए में 10:00 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय ब्लॉक सी में 10:05, उप विकास आयुक्त कार्यालय ब्लॉक बी में 10:10 बजे अनुमंडल कार्यालय में 10:50 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 10:55 बजे और पुलिस लाइन रामगढ़ में 11:10 बजे झंडा फहराया जायेगा।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 04 दिनांक 17.04.2023 के अनुसार मैं, स्वाती भदानी पति राहुल भदानी, उम्र लगभग 33 वर्ष, पेशा गृहिणी, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, साकिन ग्राम- विश्राम बाग रोड, वार्ड नं.-07, पोस्ट- झुमरी तिलैया, थाना- तिलैया, जिला-कोडरमा (झारखंड) का हल्फन ब्यान करती हूं जो निम्नलिखित है:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 4279 1971 0219 में मेरा नाम स्वाती भदानी पति राहुल भदानी अंकित है।
3. यह कि मेरा नाम विवाह के पहले स्वाती प्रसाद था जो राहुल भदानी के विवाह के उपरान्त स्वाती भदानी हो गया है।
4. यह कि मैं विवाह उपरांत स्वाती भदानी के नाम से जानी व पहचानी जाउंगी। जो सभी जगह मान्य होगा।

## लातेहार में नये सिविल सर्जन ने लिया प्रभार



लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार के नए सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने लातेहार का प्रभार लिया। इस अवसर पर लातेहार सदर अस्पताल के सभी डॉक्टरों ने श्री कुमार को पदभार ग्रहण करने के बाद पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं सदर अस्पताल के सभी कर्मचारी भी नये सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ अखिलेश प्रसाद शोभना टोप्पो नीलमणि कुमार और कई अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## जिला परिषद मद से सड़क निर्माण की रखी आधारशिला



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। प्रखंड के खुरा पंचायत अंतर्गत बभंडी ग्राम में बबन सिंह के घर के पास जिला परिषद के 15वें वित्त की राशि से सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ का प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप किया गया। इस दौरान मौके पर उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, अजय सोनी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम उप मुखिया सुनीता देवी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन



लातेहार (आजाद सिपाही)। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलमनी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लातेहार के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। प्रशिक्षण में सहिया और आंगनबाड़ी सेविका को पीसीआई के जिला समन्वयक विक्रम कुमार और एमटीएस अजय भारती ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। वैसे व्यक्ति जो गंभीर रोग से ग्रस्त और गर्भवती महिलाओं को फाइलेरिया उन्मूलन की गोलियां की नहीं खिलाने का निर्देश दिया गया है।

## प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव निरस्त



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा के खिलाफ पंचायत समिति सदस्य के द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव निरस्त हो गया। बुधवार को एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग होना था। परंतु अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में मात्र तीन पंसस की संख्या तीन होने के कारण एसडीएम शेखर कुमार ने सरकारी प्रावधान के तहत अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भाजपा नेताओं के अलावे समर्थक पंचायत समिति सदस्यों ने हर्ष जताया है। भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी, रामदेव सिंह, महेश सिंह, वंशी यादव, राकेश दुबे, अजय तिवारी, मनोज कुमार आदि ने हर्ष जताया है।

## बीटीटी और सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण




सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नॉन अल्कोहल फैटी लिवर के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण मधुमेह, उच्चरक्तचाप, कैंसर, मोटापा जैसी बीमारियों का पहचान करने के लिये सहिया और बिटीटी कर्मियों को नीलोफर बानो, सुनील महतो और जेनी खलखो द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर लोहरदगा और खूँटी जिला में पायलट कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से ऊपर के महिला पुरुष का मधुमेह, कैंसर, उच्चरक्तचाप, मोटापा जैसी बीमारियों का पहचान कर अगस्त माह में अपने क्षेत्रों में घर घर जाकर सी बैक और फेमिली फोल्डर फॉर्मभरने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बताया गया कि 1 सितंबर से सभी स्वास्थ्य उप केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सदर अस्पताल में बीमारी से सम्बंधित सभी लोगों का निःशुल्क जाँच किया जायेगा। वही सभी सहिया और बिटीटी कर्मियों को 15 अगस्त तक सी बैक और फैमिली फोल्डर फॉर्म भर कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर रानी देवी, जेनीट सुरीन के अलावे प्रभावती, खैरुन खातुन, ललिता, सरिता, फुलमनी, प्रियंका, गांधारी, सीमा, आरती, गौरी, सुनीता टोप्पो सहित सभी सहिया और बिटीटी कर्मी उपस्थित थे।

## हरियाणा के नूह की घटना के विरोध में विहिप और बजरंग दल ने पुतला फूंका



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा बुधवार को शहर के बरवाटोली चौक पर जिहादी मानसिकता रखने वाले और पत्थरबाजों के खिलाफ पुतला दहन किया गया। जिसमें सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के परावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि आये दिन जिस तरह हमारे धर्म पर जिहादियों के द्वारा हमला किया जा रहा है वह हिंदू बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिला मंत्री सतीश पांडे ने कहा वह दिन दूर नहीं जब हम घर में घुसकर इन जिहादियों को मारेंगे। अब आर पार की लड़ाई के लिए हमें तैयार रहना होगा। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार, सरोज खत्री जिला सह गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, जिला अखाड़ा प्रमुख चंदन साहू, नगर सह संयोजक अनुभव, हेमंत अग्रवाल, अमित, केशव महतो, रवि, गोविंदा, दीपक, कुणाल शर्मा, पवन, शुभम, रवि, मनोज और सैकड़ों राम भक्त उपस्थित थे।

## लापता युवक का शव बदला नदी के पुल के समीप से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बदला नवा टोली से लापता युवक का शव तीन दिन बाद बदला नदी में पुल के समीप से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने किया बरामद। शव की पहचान बदला नवा टोली निवासी स्व सिबदयाल उरांव के 40 वर्ष पूत्र मोहन उरांव के रुप में किया गया। उसको मिर्गी बीमारी से ग्रसित होने की बात बतायी जा रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बुधवार को वर्षा होने पर गांव के लोग जब खेत की तरफ गये तो देखा की नदी में पुल के समीप एक शव देख प्रशासन को सूचना दिया। फिलहाल शव को लोहरदगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिऐ भेजा गया है और मामला को लेकर प्रत्येक बिंदु पर जांच की जाने की बात कही गयी।

# कैरो के खरता में युवक की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो (लोहरदगा)।** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 01 जुलाई मंगलवार की रात्रि सढाबे पंचायत के ग्राम खरता मे सतेंद्र साहू पिता बैजू साहू उम्र लगभग 40 वर्ष को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है।

सतेंद्र साहू मुल रुप से चंदवा थाना क्षेत्र के ग्राम होलहंग मसियातू ग्राम का निवासी है,वह पिछले 05 वर्षो से अपने ससुराल वरतू साहू के यहाँ अपनी पत्नी के साथ ग्राम खरता मे रह रहा था। बुधवार 02 जुलाई को अहले सुबह जब ग्रामीण मशरुम चुनने जा रहे थे तो सतेंद्र का शव देख ग्रामीणों ने स्थानीय कैरो थाना पुलिस को हत्या की सूचना दी। हत्या की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वी एन सिंह, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार, संतोष कुमार, एएसआई संजय कुमार कैरो थाना के सदल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव का निरिक्षण कैरो खरता में 40 वर्षीय युवक की अज्ञात लोगो ने गोली मारकर किया हत्या, पुलिस जुटी जांच में। ग्रामीणों से पुछताछ के उपरांत शव को अपने कब्जे मे लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटनास्थल पर स्थानीय मुखिया सुमित्रा उराँव, पंचायत समिति सद्स्य सीमा भगत,सांसद प्रतिनिधि लखन उराँव, 20 सुत्रि पुर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो, बीरबल महली, ग्रामीण कृष्णामणि यादव, सुषेण महतो इत्यादि ने घटित घटना पर दुख जताते और शोक-संतप्त, रोते बिलखते परिवार को ढाड़स बंधाते हुए घटना मे संलिप्त अपराधियों को पुलिस से शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। मामले पर कैरो थाना मे कैरो थाना कांड संख्या 35/23 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई मे जुट गयी है।

# स्वतंत्रता दिवस पर खिलाड़ियों-टॉपरों को किया जायेगा सम्मानित

- स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा
- जिले के सभी तालाबों के पास ध्वजारोहण किये जाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के पश्चात आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहरी क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा द्वारा किया जायेगा। वही स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। बैठक में भंडरा प्रखंड के भौंरो ग्राम में शहीद पांडेय गणपत राय की जन्मस्थली और कुडू प्रखंड के टिको ग्राम में शहीद वीर बुधु भगत के शहादत स्थल पर भी ध्वजारोहण किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत जिले के सभी तालाबों के पास ध्वजारोहण किये जाने, सभी प्रखंडों के पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान की शुरूआत हेतु सभी नोडल पदाधिकारियों को निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ और पाइका के भी कलाकारों को आमंत्रित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, प्रशासक नगर परिषद देवेंद्र कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ डीएन सिंह, पीएचईडी ईई अनुप हांसदा, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण उपस्थित थे।

**भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित**

दिनांक 15 अगस्त को प्रातः 5 बजे से 12 बजे मध्याह्न तक लोहरदगा शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित करने का निर्णय लिया गया। बीएस कॉलेज स्टेडियम, लोहरदगा में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किये जाने का निदेश जिला अग्निशामक पदाधिकारी को दिया गया।

**टॉपर्स और खिलाड़ियों को किया जायेगा सम्मानित**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस वर्ष के 10वीं की परीक्षा में जैक, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से लोहरदगा जिला में तीनों बोर्ड के एक-एक टॉपर मुख्य मंच पर सम्मानित किया जायेगा। 12वीं की परीक्षा में तीनों संकाय से एक-एक टॉपर्स को सम्मानित करने का निर्णय बैठक में लिया गया। इस वर्ष जून 2023 में थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।

# कैरो चाल्हो मध्य विद्यालय के 235 विद्यार्थियों का भविष्य मात्र एक पारा शिक्षिका के हवाले

- जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहीं की इस पर हम अपने उच्च अधिकारी से बात कर शिक्षक मुहैया जल्द से जल्द करायेंगे।
- विद्यालय में सुचारु रूप से नही हो पा रहा है पठन-पाठन का कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो(लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत अंतर्गत चाल्हो उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 235 नामांकित छात्र-छात्राओं का भविष्य एक पारा शिक्षिका के कृपा पर चल रही है। बिदित हैं कि इस विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह इन दिनों जुन माह से ही अपने बीमारी के लंबे समय से ईलाज हेतु मुंबई मे ईलाजरत होने के कारण विद्यालय के 235 बच्चो का पठन-पाठन का कार्य अकेले पारा शिक्षिका अणिमा देवी के देखरेख में चल रही है।

विद्यालय के अष्टम वर्ग छात्र-छात्रा ललिंद्र उराँव, अनिल, सुरज, नितेश, श्रेया, करीना, मोनिका, प्रेरणा इत्यादि विद्यार्थियो का प्रेस के माध्यम से अधिकारियो से कहना है कि पठन-पाठन कार्य काफी बाधित हो रही है बैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्यालय मे विभाग की और से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कर दी जाती तो हम विद्यार्थियो का अध्यापन का कार्य सुचारु रूप से चलता।

## समिति ने रक्तदान कर मरीज के इलाज में मदद किया



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित गरीब मरीज को ब्लड देकर मानवता का दिया परिचय। जानकारी स्वरूप पेशरार प्रखंड के रामदयाल उरांव की पुत्र समृत उरांव सदर अस्पताल में इलाजरत था। डॉक्टर ने खून की कमी बतायी। काफी परेशान होकर परिवार के लोग जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू से संपर्क की। दीपक साहू के तत्काल पहल पर समिति सदस्य संजय सिंह ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा मानवता से बढ़कर कुछ नहीं मानवता ही एक दूसरे को जोड़ कर रखती है। मौके पर नगर अध्यक्ष साहू और मोहन महली मौजूद थे।

# बालूमाथ के बिरहोर की स्थिति दयनीय, जिम्मेदार कौन!

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ सरकारी स्तर पर लाख दावा किया जाय, मगर आदिम जनजाति बिरहोर आज भी अपने उत्थान के लिए संघर्ष कर रही है। इसी कड़ी में दैनिक आजाद सिपाही के हमारे बालूमाथ के वरिय पत्रकार संतोष सिन्हा बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत के विरहोर टोला पहुंच कर आदिम जनजातियो का दर्द को समझने और उनके दैनिय स्थिति जानने पहुंचे। बता दें कि लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से महज 5 किमी दूर झाबर पंचायत के बिरहोर टोला आजादी के सात दशक बाद भी आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गरीबी और बदहाली के आलम में गुजर कर रहे झाबर के बिरहोर टोला के ये आदिम जनजाति के लोगों के बीच समुचित रूप से सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। करीब 20 से 22 घर की सैकड़ो की आबादी वाला इस टोला की विकास का अंदाजा इस बात से ही भी लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी आबादी महज एक चापाकल पर आश्रित है, यहां बिजली नहीं है। रोजगार का तो पहले से ही टोटा लगा है, जिस जंगल पर ये बिरहोर परिवार निर्भर थे अब वह भी सहारा नहीं रहा। सीधे-साधे सरल स्वभाव के ये बिरहोर परिवार बेरोजगारी और गरीबी के आलम में तीतर बटेर खरगोश तथा प्लास्टिक की रस्सी बुनकर, दातुन बेच कर गुजर करते हैं। इनलोगो को न तो मनरेगा में काम मिलता है और ना ही कोई अधिकारी भी खोज खबर लेने जहमत उठाने को तैयार है सिर्फ इन बिरहोरों को महीना में राशन उपलब्ध कराकर अपना फर्ज निभाकर इतिश्री समझ लेते है। बिलेंद्र बिरहोर के तीन वर्षीय पुत्र गंभीर बीमारी हर्निया से पीड़ित है जिस कारण एक हाइड्रोसिल इतना बड़ा हो गया है कि दर्द से हरवक्त कराहते रहता है। डॉक्टरों से दिखाने पर बच्चे के ऑपरेशन में बीस से तीस हजार रुपये खर्च बतलाया जाता है। अब सवाल उठता है यह गरीब बिस हजार कहाँ से खर्च कर पायेगा। बीडीओ तथा लातेहार उपायुक्त से मांग किया है कि किसी तरह आलोक बिरहोर के ऑपरेशन करवा दिया जाये तो बच्चे की जान बचायी जा सकती है।

**हाथी दांत बना सोलर जलमीनार**

केवाल बिरहोर टोला में पीएचईडी विभाग द्वारा एक कुछ वर्षों पहले सोलर जलमीनार निर्माण करवाया गया। उसके लिए बोर करवाया गया उसमे एक बूंद पानी नही निकला मोटर काम नहीं किया, मोटर खोल कर संवेदक ले गया किन्तु आज तक उसमें दुबारा मोटर नहीं लगाया गया। बिन पानी के जलमीनार आज तक हाथी दांत बन कर रह गया। करीब एक चापाकल पर निर्भर है।

## नये सिविल सर्जन ने पदभार ग्रहण किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में बुधवार को नये सिविल सर्जन के रूप में डॉ राजमोहन खलखो ने तत्कालीन सीएस डॉ संजय कुमार सुबोध से विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। मौके पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों समेत अन्य ने बुके देकर नये सिविल सर्जन का स्वागत किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने बातचीत के क्रम में कहा कि सभी के सहयोग से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा लोगों को मिले यह उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि गांव गांव तक हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। मौके पर डॉक्टर, नर्स और मेडिकल स्टाफ मौजूद थे। गौरतलब है कि इससे पूर्व डॉ राजमोहन खलखो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर गुमला में पोस्टेड थे। वही तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध का ट्रांसफर दुमका सिविल सर्जन के रूप में किया गया है।

## होटल मैनेजमेंट उद्योग में प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच से

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंडों के युवाओं को होटल मैनेजमेंट उद्योग में; 'डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस', 'डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग', 'क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एंड पेस्ट्री, ट्रेड विषयक तीन कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिलाने हेतु प्रस्थान करने संबंधी कार्यक्रम दिनांक 05.08.2023 को पूर्वाहन 11 बजे से नगर भवन, लोहरदगा में निर्धारित किया गया है। इस मौके पर एससीए योजनामद से जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों हेतु क्रय किये गये एंबुलेंस को भी हरी झंडी दिखा कर प्रखण्डों के लिए रवाना किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा की ओर से दी गयी।

## आज श्रीलंका जानेवाले झारखंड चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को दी बधाई



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के 24 सदस्यीय डेलिगेशन टीम फेडरेशन अध्यक्ष किशोर मंत्री के अगुवाई में 3 अगस्त को भगवान बिरसा एयरपोर्ट रांची से बेंगलुरू अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट तथा फिर बेंगलुरू से श्रीलंका के लिये व्यापारिक दौरा हेतु प्रस्थान करेंगे। जिसमे झारखंड फेडरेशन के स्थानीय टीम के साथ साथ झारखंड के प्रत्येक जिला से चैंबर अध्यक्ष को जाने हेतु आमंत्रण प्राप्त हुआ था। अतः लोहरदगा जिला की ओर से जिला के उद्योगपति सह प्रतिष्ठित व्यापारी, चैंबर के तजुबेर्कार सदस्य राजेश महतो ने कहा कि जिला के विकास हेतु यह बहुत ही महत्वपूर्ण दौरा साबित होगा। वहीं बधाई देनेवालों में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, उपाध्यक्ष धनंजय काँस्यकार, सह सचिव अनीश मित्तल इत्यादि शामिल है।

## कमल किशोर भगत के आदर्शों का पालन करें खिलाड़ी, निश्चित सफलता मिलेगी: नीरू शांति भगत



कुडू-लोहरदगा। झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के जयंती के अवसर पर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड के बिनोवा भावे प्रखंड अंतर्गत स्टेडियम मैदान टाटी में तीन दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। जिसमें पहले दिन कुल 6 टीम के बीच मैच खेला। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि खिलाड़ी पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के आदर्शों का अनुपालन कर प्रदर्शन करें सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शहदेव, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, महिला मोर्चा की केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, महिला मोर्चा की जिला सचिव सरस्वती देवी, जिला उपाध्यक्ष साजिद कलाल आदि मौजूद थे।

## आजसू नेता राजू गुप्ता ने आवेदन देकर मुखियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की रखी मांग



किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी 9 पंचायत में मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा सरकारी राशि का दुरुपयोग और गबन किये जाने मामले को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन देकर इसकी जांच कराने की मांग रखी थी। इसे लेकर आजसू नेता राजू गुप्ता अपने आवेदन में उल्लेख करते हुए कहा है कि किस्को प्रखंड के सभी पंचायतों में मुखिया और पंचायत सचिव मिलकर सप्लायर के द्वारा 14वें वित्त की राशि में बड़े पैमाने पर राशि गबन करने की जांच की मांग उपायुक्त और विकास उप विकास आयुक्त लोहरदगा और राज्य के उच्च पदाधिकारियों से 25 जुलाई 2023 की गयी है। जिसका जांच हो रहा है। परंतु 1 अगस्त 2023 को सभी मुखियाओं ने किस्को के पंचायत भवन में बैठक कर मेरे विरुद्ध विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने, रंगदारी मांगने और एससी एसटी एक्ट में फंसाने, धमकी देने को लेकर साजिश रची गयी है। जिसे लेकर राजू गुप्ता ने शिकायत करते हुए जांच कर सभी मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही राजू गुप्ता के द्वारा इसकी प्रतिलिपि लोहरदगा उपायुक्त को भी सौंपा है।

## बोलेरो के धक्के से अधेड़ व्यक्ति हुआ घायल, चालक फरार

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा ब्लॉक गेट के समीप हुई सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। वहीं चालक गाड़ी ले कर भाग गया। घायल की पहचान सेन्हा रामनगर निवासी काली साहू के रूप में किया गया। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल अवस्था में काली साहु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर किया गया। वही सर में गंभीर चोट होने के कारण रिम्स रांची रेफर किया गया। बताया जाता है कि काली साहू नित्यदिन की तरह सब्जी बेच कर सेन्हा से रामनगर अपना घर जा रहा था। उसी दौरान घाघरा की ओर से आ रही बोलोरो विपरीत दिशा में जा कर धक्का मारते हुए फरार हो गया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायल अधेड़ व्यक्ति काली साहू का जायजा लेते हुए अग्रतर कार्रवाई में पुलिस जुट गयी।

# एसपी कार्यालय में साइबर और मीडिया सेल का किया गया गठन



### जिप उपाध्यक्ष और एसपी ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखा-धड़ी की रोकथाम के लिए गुमला एसपी डा. ऐतहेशाम वकारीब की पहल पर बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में साइबर सेल और मीडिया सेल का गठन किया गया। एसपी की उपस्थिति में जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने फीता काटकर साइबर सेल और मीडिया सेल का उदघाटन किया। कहा कि यह सेल अपराध नियंत्रण में सहायक होगा। एसपी ने कहा कि गुमला में ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। इस सेल की सक्रियता से साइबर अपराध और धोखाधड़ी को रोकने और नियंत्रण करने में कारगर साबित होगा। पहले यह सेल अस्थायी रूप से तकनीकी शाखा में संचालित हो रहा था। एसपी कार्यालय में यह सेल साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने में सहायक होगा। इस अवसर पर अंजुमन के सदर मो.मोसाहीद उर्फ पम्मू, सचिव मो. मकसूद, चेंबर आफ कामर्स के निर्वाचित कार्यसमिति सदस्य दामोदर कसेरा, हिमांशु केसरी आदि उपस्थित थे।

## धारदार हथियार से चाचा की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बरिसा कुंबाटोली गांव में मंगलवार दिन के लगभग दस बजे 80 वर्षीय एडवीन पन्ना की उसके ही भतीजा जिजयाल पन्ना ने धारदार हथियार बंसुला से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद जिजयाल पन्ना ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। कहा कि उन लोगों के बीच जमीन का बंटवारा हो गया है। दो वर्षों से वह जमीन का खतियान मांग रहा था। आज सुबह भी वह जमीन का कागजात मांगने गया था, तो उसके चाचा ने जमीन का कागजात देने से इंकार कर दिया। गुस्से में सामने रखे बंसुला से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में ले लिया। परिजनों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन लोगों को थाना लाकर पूछताछ की। जबकि भतीजा जिजयाल पन्ना ने आत्मसमर्पण कर हत्या की घटना में संलिप्ता स्वीकार की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बंसुला को भी बरामद कर लिया है। जिसके बाद बुधवार को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत कर आरोपी को जेल भेज दिया।

## डायन बिसाही के शक में वृद्धा की हत्या का आरोपी दोषी करार, सजा 9 अगस्त को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर वृद्ध महिला सोमानी उराईन की हत्या करने वाला आरोपी उंटा उरांव को एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में दोषी करार दिया गया। जिसकी सुनवाई नौ अगस्त को होगी। घटना 11 जुलाई 2018 की है। घटना के दिन सोमानी उराईन घर में अकेली थी। उसी समय उंटा उरांव अपने हाथ में टांगी लेकर आया और सोमानी उराईन पर वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद मृतका का पुत्र जयराम उरांव ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अभियुक्त के द्वारा अक्सर उसकी मां को डायन-बिसाही कहा जाता था। घटना के दिन उसकी मां घर पर अकेली थी। उसी समय आरोपी ने टांगी से वार कर सोमानी उराईन का हत्या कर दी।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त से की कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन करने की शिकायत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बोंगालोया के ग्रामीणों ने गुमला उपायुक्त को एक आवेदन देकर ग्राम चिंतामन कुरा, थाना बसिया निवासी बालू कारोबारी पार्थ कुमार सिंह, पिता जितेन्द्र पाल सिंह के विरुद्ध बोगालोया कोयल नदी से अपने डम्प यार्ड की आड़ में अवैध बालू का उत्खनन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने दिये आवेदन में कहा है कि हमलोग ग्राम-बोगालोया, पोस्ट ममरला, थाना बसिया, जिला गुमला के निवासी हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि पार्थ कुमार सिंह के द्वारा हमारे गांव बोगालोया कोयल नदी से अवैध तरीके से दिन एवं रात में ट्रैक्टर एवं हाईवा के द्वारा बालू का उत्खनन कर अवैध रूप से तस्करी की जा रही है एवं अपने यार्ड में भी अवैध तरीके से क्षमता से अधिक बालू का डम्प कर बिक्री कर रहा है। हम ग्रामीणों ने कई बार बालू का अवैध उत्खनन को लेकर विरोध किया है, परन्तु पार्थ कुमार एक दबंग एवं झगड़ालु प्रवृति का व्यक्ति है एवं हमेशा हम ग्रामीणों को राईफल दिखाकर जान से मारने की धमकी देता है। कहता है कि कोई भी इसके खिलाफ किसी विभाग में शिकायत किया तो उसको जान से मार देंगे। ग्रामीणों ने इसपर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालो में ईश्वर गोप, रामा शंकर यादव, मंगरा उरांव, बिनीत झोरा, विनय तिर्की, परिबा उरांव, नाईम खान, रामवृत गोप, हलधर राम शामिल हैं।

### प्रेस कांफ्रेंस : कोंडेकेरा जंगल में हुई हत्या का सात माह बाद हुआ उद्भेदन

# तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

### आरोपियों ने हनुमान सिक्का देने के नाम पर मृतक से लिया था 12 लाख, लौटाने की मांग करने पर की थी हत्या : एसडीपीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के कोंडेकेरा जंगल में इसी साल विगत 30 जनवरी को देर रात्रि को हुए ठेठईटांगर के जामटोली गांव निवासी 55 वर्षीय आनंद टेटे हत्याकांड का पुलिस ने आखिरकार सात माह बाद उदभेदन कर लिया है। साथ ही इस हत्याकांड में संलिप्त तीन आरोपियों यथा रायडीह थाना छेत्र के हेसाग अंबाटोली गांव निवासी सिलास बरला, कोलेबिरा थाना छेत्र के राम जड़ी गांव निवासी राजेश्वर बड़ाईक व अजीत लोहरा को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। साथ ही घटना के बावत बताया है कि तीनों आरोपियों ने मृतक से हनुमान सिक्का बेचे जाने के नाम पर बारह लाख रुपया लिया था। जिसके बाद उसे हनुमान सिक्का नहीं दिया था। हनुमान सिक्का नहीं दिए जाने के बाद मृतक उनसे अपना बारह लाख राशि वापस मांग रहा था, परंतु यह राशि तीनों बांटकर खत्म कर चुके थे। मृतक द्वारा लगातार दबाब बनाये जाने के कारण ही तीनों ने प्लान कर उसे राशि लौटाने की बात कहकर जंगल में बुलाकर हत्या कर डाली थी। साथ ही हत्या किए जाने के बाद अपने-अपने गांव में छुपकर रहने लगे थे।

इस बावत बसिया सर्किल के एसडीपीओ विकास आनंद लागूरी ने आज बुधवार को कामडारा थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि विगत 30 जनवरी को कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोंडेकेरा जंगल में अज्ञात अपराधियों ने आनंद टेटे को काफी बेहरमी से चाकू से मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद उक्त कांड को लेकर कामडारा पुलिस की टीम थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार के नेतृत्व पर जांच-पड़ताल व छानबीन मे जुट गई थी। मगर घटना को लेकर शुरुवाती दिनों में कोई सुराग नहीं मिल रहा था। तभी छानबीन के क्रम में सात माह के बाद तीन संदिग्ध आरोपियों का नाम हत्याकांड में सामने आये। जिसके बाद तीनो आरोपी क्रमशः अमर सिलास बरला, राजेश्वर बड़ाईक व अजीत लोहरा को मंगलवार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां तीनों ने पूछताछ में कोंडेकेरा जंगल में हुए हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। साथ ही बताया कि मृतक व्यक्ति से उन्होंने हनुमान सिक्का देने के नाम पर कुल 12 लाख रुपये लिये थे। मगर हनुमान सिक्का नहीं मिलने पर मृतक व्यक्ति अपना पैसा वापस लौटाने के लिये लगातार दबाव बना रहा था। जिसकी वजह से उसे रास्ते से हटाने का प्लान तैयार किया गया और पैसा देने की बात कहकर ठग कर उसे कोंडेकेरा जंगल में बुलाकर हत्या कर दी गयी।

# सदर अस्पताल में इसी महीने शुरू होगा कैंसर मरीजों का इलाज

### रांची के कैंसर रोग स्पेशलिस्ट करेंगे मरीजों का मुफ्त इलाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** गुमला जिला आदिवासी बहुल एवं पिछड़ा इलाका में आता है। गुमला के सभी प्रखंड एवं मुख्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के इलाज का जिला मुख्यालय के जशपुर रोड स्थित सदर अस्पताल एकमात्र लाइफलाइन है, जहां रोजाना औसतन लगभग 400 विभिन्न रोगियों के मरीज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। वहीं बताते चलें कि सदर अस्पताल में अब कैंसर मरीजों का भी इलाज अगले महीने से शुरू होने वाला है, जिला के कैंसर मरीजों के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि अब जिला मुख्यालय में ही कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज हो पाएगा। जिला में कैंसर के इलाज के लिए डॉक्टर नहीं होने के कारण इलाज नहीं हो पाता था, लेकिन अब अगस्त माह से सदर अस्पताल गुमला में रांची के कैंसर रोग स्पेशलिस्ट डॉ. प्रवीण सिंह मुंडा के नेतृत्व में जिला के कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाएगा।

डॉक्टर प्रवीर सिंह मुंडा ने बताया कि झारखंड राज्य में गुमला पहला जिला होगा जहां कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे। गुमला के सदर अस्पताल में अगस्त माह से प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह के 11:00 बजे से दोपहर के 3:00 बजे तक कैंसर मरीजों के लिए ओपीडी सेवा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही रोजाना कैंसर से संबंधित अन्य सेवा प्रदान की जाएगी।वहीं आगे बताया कि कैंसर विभिन्न प्रकार के होते हैं जैसे - स्तन, बच्चादानी, खून,पेट, मलद्वार, फेफड़ा इत्यादि सभी प्रकार कैंसर का इलाज किया जाएगा।पूर्व में यहां कैंसर की जांच सुविधा नहीं होने के कारण यहां के मरीजों को दूसरे बड़े शहरों एवं राज्यों का चक्कर लगाना पड़ता था, अब यह सुविधा यहां बहाल होने से यहां के लोगों को काफी फायदा होगा।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

### आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता जुट जाएं : रोशन बरवा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने चैनपुर प्रखंड का दौरा कर पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। दौरे के क्रम में गुमला के पूर्व विधायक बैरागी उरांव के स्वास्थ्य की जानकारी ली। रोशन बरवा ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता जुट जाएं और भाजपा सरकार की नाकामियों को गांव गांव में पहुंचाए। भाजपा के शासन में लगातार आदिवासियों के साथ अत्यचार किया जा रहा है। मणिपुर में आदिवासियों को निर्वस्त्र कर घुमाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भाजपा के नेता आदिवासी युवक पर पेशाब कर रहे हैं और मोदी सरकार चुप्पी साधे हुई है। आने वाले चुनाव में आदिवासी समाज इसका मुंह तोड़ जवाब देगा।

मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, पप्पू होता, अलबर्ट तिग्गा, चैनपुर के पूर्व अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद, नीलेश उरांव, एनामुल मियां सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी हुसैन नगर निवासी महताब आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं नाबालिग को बरामद कर मेडिकल जांच व न्यायालय में 164 का बयान कलमबद्ध कराये जाने के बाद सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत कर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बावत बताया जाता है कि नाबालिग व महताब के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। मगर बीते सोमवार को महताब नाबालिग को अपने साथ भगाकर एक दोस्त के कार से रांची ले गया था। इधर जब नाबालिग देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। तभी इसी बीच परिजनों को दोनों के भाग जाने की जानकारी मिली। वहीं परिजनों ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी। जिसके बाद दोनों को कार मालिक दोस्त वापस बुलाया। इसी बीच नाबालिग के परिजन वहां पहुंच गए और आरोपी वहां से भाग निकला। जिसके बाद नाबालिग के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, फिर परिजन नाबालिग को लेकर थाना पहुंचे, जहां आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पटवन के क्रम में करंट की चपेट में आने से किशोरी गंभीर रूप से घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों को कुआं व तालाब से पटवन कर धान की रोपाई करनी पड़ रही है, जिससे करंट की चपेट में आने से लोगों की जान भी जा रही है। ताजा मामला रायडीह प्रखंड अंतर्गत बेर टोली गांव की है। जहां विजय भूषण सिंह की 13 वर्षीय पुत्री मायावती कुमारी करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी देते हुए किशोरी की मां सुनीति देवी ने बताया हम लोग बुधवार की सुबह धान रोपाई करने खेत गए थे। वहीं खेत सूखा होने के कारण कुआं से मोटर मशीन लगाकर खेत में पानी जमा कर रहे थे। कुआं का पानी का जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण मैंने अपने पुत्री को तार हटाने के लिए भेजा। जैसे ही तार हटाई तार उसके हाथ में सट गया क्योंकि वह खाली पैर थी, जिसके बाद बच्ची चिल्लाने लगी और जमीन पर गिर गई। तत्काल दौड़कर हमलोग वहां पहुंचे और उसे सदर अस्पताल लेकर गए। जहां उसका उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। वहीं उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### बैठक : उपायुक्त ने जिले के मीडिया कर्मियों से की शिष्टाचार मुलाकात, कहा

# मीडिया कर्मियों के अच्छे सुझावों पर जल्द ही होगा क्रियान्वयन

### प्राथमिकता सूची में रहेगा जनसमस्याओं का समाधान, आम नागरिकों एवं मीडिया की भूमिका भी है महत्वपूर्ण : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के मीडिया कर्मियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने कहा कि गुमला वासियों की जनआकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए सभी की सहभागिता से विकास योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता सूची में रहेगी। प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सकारात्मक कार्य किया जाएगा, ताकि आदिवासी बहुल यह जिला विकास की ओर अग्रसर हो। साथ ही पूर्व से चली आ रही सरकारी योजनाओं का कार्यन्वयन बेहतर तरीके से संपादित किया जा सके।

उन्होंने मीडिया कर्मियों से शहर से लेकर गांव स्तर तक की जनसमस्याएं जानी। इस दौरान बाइपास की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने बाइपास के अपूर्ण रहने और आए दिन वहां होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता भी जताई। साथ ही तत्काल इस विषय में एनएच व परिवहन विभाग को निर्देश देकर हल निकालने की बात कही। इस दौरान कृषि, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, सड़क-नाली, पुल-पुलिया सहित जनहित से जुड़ी तमाम समस्याओं की जानकारी हासिल कर एक्शन प्लान तैयार कर गंभीरता से प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया के साथियों के साथ सार्थक चर्चा हुई है।

मौके पर डीएसडब्लूओ सह डीपीआरओ सीता पुष्पा, एपीआरओ अलीना दास, स्वाति तिर्की सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सर्किल इंस्पेक्टर ने छह थानों की समीक्षा कर लंबित कांडों को जल्द निपटाने के दिये निर्देश



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस निरीक्षक कार्यालय में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को क्राइम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छह थाना के प्रभारी उपस्थित रहे।, सर्किल इस्पेक्टर बैजू उरांव ने सभी थानों की समीक्षा करते हुए लंबित कांडों का जल्द से जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अपराध रोकने को लेकर कई निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिए। अंचल निरीक्षक ने बारी-बारी से सभी थाना प्रभारियों से उनके थाना में होने वाले अपराध एवं उग्रवाद पर कड़ी नजर रखने, सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देशन में तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, डुमरी थाना प्रभारी रवि कुमार, जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार, रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार, सुरसांग थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान उपस्थित रहे।

## वज्रपात से मौत के बाद परिजनों को मुआवजा नहीं मिलने पर चैनपुर कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नवाटोली कोलोनी में बीते शनिवार वज्रपात से एक महिला एवं एक युवती की मौत पर प्रशासन के द्वारा उचित मुआवजा नहीं मिलने पर चैनपुर कांग्रेस कमेटी ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर प्रखंड प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रकट किया। चैनपुर कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक लकड़ा ने कहा कि प्रखंड प्रशासन एवं अस्पताल की लापरवाही के कारण ही महिला एवं युवती की मौत हुई हो। अगर समय रहते एंबुलेंस सेवा मिली होती तो दोनों आज जीवित होते। घटना के तुरंत बाद ही 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई फिर भी अस्पताल प्रबंधन एंबुलेंस व्यवस्था नहीं करा सका। वहीं प्रखंड प्रशासन भी इसमें रूचि नहीं दिखाई और इधर मौत हो जाने पर भी सरकार के द्वारा तय मापदंड के आधार पर तत्काल दी जाने वाली सहायता राशि भी नहीं दे पा रहा है। वहीं कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निरंजन बाड़ा ने बताया कि प्रखंड प्रशासन ने महज खानापूर्ति के लिए 50-50 किलो चावल और पंद्रह पंद्रह सौ रुपये लिफाफे में डालकर एक डीलर के हाथों पीड़ित परिवारों को पहुंचा दिया गया। जिससे पीड़ित परिवार काफी नाराज हैं। इधर कांग्रेस कमेटी ने प्रखंड प्रशासन से इस दिशा में जल्द ही उचित पहल करने की मांग की है। मौके पर मुख्य रूप से फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, बेरनार्ड टोप्पो, जस्टिन बाड़ा, रंजीत टोप्पो, सहोदर नायक, सुरेश लोहरा, महेश कैथवार, रामवृत नायक सहित पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## बिशुनपुर के अम्तिपानी और निरासी पंचायत सचिवालय में हुआ लाइब्रेरी का उद्घाटन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला उपायुक्त की पहल पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के अम्तिपानी पंचायत एवं निरासी पंचायत सचिवालय में पुस्तकालय का उद्घाटन मुखिया सुनीता देवी एवं निरासी मुखिया पार्वती कुजूर एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। मौके पर प्रीति कुजूर ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के तमाम पंचायत सचिवालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाना है। इसमें जिला के पदाधिकारियों का बड़ा योगदान है। गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए सरकार हर पंचायत में पुस्तकालय खोल रही है, ताकि पंचायत के छात्र-छात्राएं पुस्तक का अध्ययन कर शिक्षित होंगे। विभाग के द्वारा कोर कमेटी का भी गठन किया जाना है जिसके अध्यक्ष मुखिया होंगे। मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि पंचायत स्तरीय पुस्तकालय खोलने से निश्चित रूप से बच्चे अग्रिम स्थान को प्राप्त करेंगे। पुस्तकालय में बच्चों की बैठने के लिए टेबल कुर्सी एवं वॉल पेंटिंग से बच्चों को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कई ऐसे चित्र बनाए गए हैं हमारे राज्य की जानकारी के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, संविधान, प्रतियोगिता, झारखंड के महापुरुषों की लघु कथाएं सहित कई पुस्तकें उपलब्ध होंगी। मौके पर थाना प्रभारी कुंदन कुमार पंचायत सचिव एवं पंचायत के वार्ड सदस्य के अलावे बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आवश्यकता आधारित शिक्षकों के समायोजन करने के संबंध में मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 600 आवश्यकता आधारित शिक्षकों को समायोजन करते हुए सेवा नियमित करने, यूजीसी द्वारा तय सहायक प्राध्यापक का मानदेय के साथ 65 वर्ष तक सेवा विस्तार करने, नियमित बहाली के द्वारा आए सहायक प्राध्यापक के आने के बाद भी हमारी सेवा समाप्त न करने संबंधी बातें की गई है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि सरकार की नजर आपपर है समायोजन पर सरकार बातचीत करेगी। आपलोगों के मानदेय में हमने वृद्धि किया है आपकी बेहतरी के लिए सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संरक्षक, डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदू, प्रदेश महासचिव डॉ. संतोष कुमार, प्रदेश महासचिव, प्रोफेसर विनोद एक्का, डॉ. गोपीनाथ पाण्डेय, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. इंद्रजीत शामिल थे।

